प्रेस नोट

टेरर फंडिंग करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड सहित दोनों अभियुक्त 7 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर

फरार अभियुक्त मुमताज ने किया सरेंडर

दिनांक : 19 अक्टूबर, 2019

दिनांक 11 अक्टूबर, 19 को जनपद खीरी के निघासन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार टेरर फंडिंग के 4 अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में कुछ नाम निकलकर आये थे जिस आधार पर एटीएस द्वारा दिनांक 17.10.19 को गिरोह के मास्टरमाइंड सहित दो वांछित अभियुक्तों को बरेली के इज्जतनगर थानाक्षेत्र से गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय में प्रस्तुत किया था जबकि एक अभियुक्त मुमताज़ फरार चल रहा था।

माननीय न्यायलय द्वारा आज दिनांक 19.10.19 की सायं 4 बजे से गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का 7 दिवसीय पुलिस कस्टडी रिमाण्ड स्वीकृत किया गया, फरार चल रहे अभियुक्त मुमताज ने स्वयं ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त

1. सिराजुद्दीन पुत्र समसुद्दीन, निवासी: ग्राम- परतापुर, थाना-इज्जत नगर, जनपद- बरेली।
2. फहीम पुत्र बरकतुल्ला निवासी: ग्राम- परतापुर, थाना-इज्जत नगर, जनपद- बरेली।

पूछताछ के बिंदु

- नेपाली खातों में पैसा कहाँ से आता था और कैसे आता था ? इसके स्रोत क्या हैं ?
- मुमताज के नेपाली लिंक कौन कौन से हैं ? उसके अन्य सहयोगी कौन कौन हैं ?
- फहीम और सदाकत द्वारा ये पैसा किन किन लोगो को दिया गया ? इस पैसे से किस प्रकार की आतंकवादी गतिविधियाँ की गयी हैं ?
- इससे पूर्व पैसा किस किस को आतंकवाद संचालन हेतु दिया गया ?
- विस्तृत पूछताछ जारी है।